(a) whether the Crime Branch of Delhi Police during the month of june arrested a Pakistani secret Spy of Intelligence Services in Delhi;

(b) if so, whether vital secrets obtained and certain documents were found in his possession;

(c) whether these secret documents revealed the number of operations that Pakistani has planned to do in India; and

(d) what action Government have taken and whether this issue was taken up with the Pakistani Government?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The Delhi Police has reported that two codes, one forged passport, one forged driving licence and there leaflets inciting muslims againet the Government of India were recovered from his possession.

(d) The matter is under investigation. It would be premature to take up the matter with the Govt. of Pakistan at this stage.

कानपुर में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की हत्या

331. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि या :

(क) क्या यह सच है कि मार्च 1993 के प्रथम सप्ताह में कानपुर में अनुसूचित जाति के चार व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने इस हत्याकांड में अन्तर्ग्रस्त अभियुक्तों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) जी हां, श्रीमान ।

(ख) और (ग) उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार अनुसूचित जाति के 4 व्यक्तियों नामत: सर्वश्री कल्लू पुत्र कलकई, ध्रुवपाल पुत्र कल्लू, श्री चन्द पुत्र रामेश्वर और रामगोपाल पुत्र बाबू लाल की हत्या, उत्तर प्रदेश में रूरा पुलिस स्टेशन के क्षेत्राधिकार में की गयी । इस अपराध में अन्तर्ग्रस्त 12 अभियुक्तों में से 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है एक अभियुक्त ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया ।

आठवीं अनुसूची में भोजपुरी और मैथली भाषा को शामिल किया जाना

332. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भोजपुरी और मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के मामले की जांच कर ली है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इस मामले की जांच संबंधी कार्य में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.एम. सईद) : (क) से (ग) संविधान की आठवीं अनुसूची में और भाषाओं को शामिल करने से संबंधित मुद्दा नीति निर्धारण के हेतु सरकार के विचाराधीन है । भोजपुरी और मैथिली भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल करने संबंधी मामले की जांच इसके लिए निर्धारित की जाने वाली नीति को ध्यान में रखकर की जानी है ।

CBI inquiry into Bombay Bomb Blast

333. SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:

SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government had decided to set up a CBI inquiry into the series of bomb blasts on March 12, 1993; and